हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

11 578 कटे गेट पास, 37035 क्विंटल गेहूं की आवक



12 जिले भर में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई



## खबर संक्षेप

### जाखोदा में छत से गिरकर युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में छत से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा कर परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के यहां आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू होगी। किन परिस्थितियों में गिरा, यह जांच का विषय है। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय अवधेश के रूप में हुई है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से था और यहां जाखोदा में किराये पर रहकर एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार की अलसुबह जमीन पर पड़ा देखा गया। किसी की नजर पड़ी तो संभाला, लेकिन सांस थमी हुई थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। चर्चा है कि रात को वह छत पर गया था। संभवतः पांव फिसलने से गिरने की आशंका है। हालांकि असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। आसौदा पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों को अवगत करा दिया है। उनके यहां आने के बाद बयान लिए जाएंगे। उस आधार पर पोस्टमार्टम और कार्रवाई होगी।

### निवेश के नाम पर युवक से एक लाख रुपये ठगे

**बहादुरगढ़।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति के साथी ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने उसे एक लाख रुपये की चपत लगा दी। जब और रुपये मांगे तो पीड़ित को ठगी का आभास हुआ और उसने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात बादली निवासी राकेश के साथ हुई है। राकेश का कहना है कि गत 20 मार्च को उसके पास व्हाट्सएप पर शेयर मार्केटिंग संबंधित लिंक आया। उसने लिंक पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन कर दिया। फिर अनन्या नाम की एक लड़की ने व्हाट्सएप के माध्यम से बात की और ग्रुप में जोड़ दिया। इसके बाद एक कंपनी के शेयर खरीदने को कहा गया। उनके द्वारा भेजे गए यूपीआई लिंक पर मैंने एक, दो और 9 अप्रैल को एक लाख रुपये भेज दिए। ये रुपये भेजने के बाद भी मुझसे और डिमांड की, फिर ठगी का आभास हुआ। शातिरों ने व्हाट्सएप ग्रुप से मेरा नंबर हटा दिया।

### स्मैक सहित आरोपी युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सेल ने लाइनपार क्षेत्र से स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। शास्त्री नगर में चोटी वाला मंदिर के पास से काबू किए गए आरोपी की पहचान विवेक उर्फ चिंकी के रूप में हुई है। आरोपी बहादुरगढ़ का रहने वाला है। उसके पास से 3.37 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

## औद्योगिक नगरी बहादुरगढ़ की फैक्ट्रियों में आग लगने की बड़ी घटनाओं के बावजूद दमकल विभाग में सुविधाओं की कमी

**संसाधनों और कर्मचारियों के अभाव में दमकल कर्मियों की जान को भी खतरा**

# बहादुरगढ़ में होने चाहिए 234 दमकलकर्मी पद सृजित 154, लेकिन तैनात केवल 44

- आग बुझाते हुए दमकल कर्मियों की मौत होने पर शहीद का दर्जा देने की मांग कर कर्मचारी हड़ताल पर

**03** दमकल केंद्र हैं बहादुरगढ़ में, 13 दमकल गाड़ियां

**21** पदों पर ही स्थाई अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त

**23** कर्मचारी अनुबंध पर हैं तैनात, 8 अप्रैल से चल रहे हड़ताल पर

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

तेज उठती लपटों के बीच किसी के उजड़ते आशियाने को बचाने के लिए जो अपनी जान पर खेल जाते हैं, उन्हें खुद अपने हकों के लिए लड़ना पड़ रहा है। हम बात कर रहे हैं फायर कर्मियों की। स्टाफ की बेहद कमी व संसाधनों के अभाव के बावजूद वे दिन-रात हमारी रक्षा के लिए डटे रहते हैं। बावजूद इसके सरकार अनहोनी की स्थिति में उन्हें शहीद मानने तक से पीछे हट जाती है। बीते कुछ अरसे में हुए अग्निकांडों में जहां लाखों रुपये की संपत्ति खाक हुई तो इन कर्मचारियों की सतर्कता से करोड़ों रुपये की संपत्ति बचा ली गई। लेकिन अग्निशमन विभाग इन दिनों स्टाफ की भारी किल्लत झेल रहा है। औद्योगिक नगरी बहादुरगढ़ सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व देती है, लेकिन इसके बावजूद यहां के नागरिकों व दमकल कर्मियों की सुरक्षा के लिए सरकार गंभीर नहीं है। तय मानकों के अनुसार पांच गुना तक स्टाफ कम है। इस वजह से रात-दिन दमकल कर्मियों को जान की परवाह किए बिना तैनात रहना पड़ता है।



बहादुरगढ़। जान की परवाह किए बगैर आग बुझाते दमकलकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### बहादुरगढ़ में है केवल छह फायर टेंडर, 3 फोम क्रश, 3 बाइक



तय मानकों के अनुसार 8 घंटे की एक शिफ्ट में एक दमकल गाड़ी पर एक ड्राइवर, एक लीडिंग फायरमैन व 4 फायरमैन होने चाहिए। बहादुरगढ़ में तीन दमकल केंद्र हैं। एक रेलवे रोड, दूसरा एमआईई और तीसरा सेक्टर-17 में स्थित है। फिलहाल इनमें 6 फायर वाटर टेंडर, 3 फोम क्रश टेंडर, 3 छोटे फायर इंजन व एक रेस्क्यू टेंडर के अलावा 3 मोटरसाइकिल भी उपलब्ध हैं। इस तरह बहादुरगढ़ में 13 दमकल वाहनों पर 39 चालक, 39 लीडिंग फायरमैन व 156 फायरमैन होने चाहिएं। जबकि यहां तीनों दमकल केंद्रों पर कुल 154 पद ही सृजित हैं। जबकि यहां स्थाई 21 अधिकारी/कर्मचारी ही तैनात हैं। इनमें 2 फायर ऑफिसर, 3 सब अफसर, 13 लीडिंग फायरमैन और 3 फायर ऑपरेटर हैं। हालांकि एचकेआरएन और पे-रोल के तहत कॉन्ट्रेट पर 23 फायर ऑपरेटर कार्यरत हैं, जो 8 अप्रैल से हड़ताल पर चले गए हैं। उन्हें इस बात का दुख है कि मुजेसर अग्निकांड में मरने वाले पुलिसकर्मी को तो सरकार ने शहीद का दर्जा दिया, जबकि दमकलकर्मी को शहीद नहीं माना गया।

### झज्जर में केवल एक दमकल केंद्र

संपूर्ण जिले की बात करें तो झज्जर शहर में एक दमकल केंद्र है। इसके अलावा बाढ़सा एम्स में भी 3 साल से अस्थाई दमकल स्टेशन चल रहा है। इन दिनों फसलों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बेरी में भी एक अग्निशमन गाड़ी तैनात की गई है। जानकारी के अनुसार झज्जर में 4 दमकल गाड़ियां हैं। इन पर एक फायर अफसर, एक सब अफसर, 6 लीडिंग फायरमैन, 2 चालक तथा 5 फायर ऑपरेटर तैनात हैं। जबकि कॉन्ट्रेक्ट पर 14 फायर ऑपरेटर उपलब्ध हैं। पर्याप्त स्टाफ के अभाव में मौजूदा कर्मचारी दिन-रात ड्यूटी करते हैं। बहादुरगढ़ में मंगलवार को आग लगने की 15 कॉल आई थी। इससे यहां वर्कलोड का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। बादली, मातनहेल, साल्हावास व बेरी जैसे देहात क्षेत्र में यदि आग लग जाए, तो दमकल की टीम देर से पहुंचती है। ऐसे में सबकुछ जलकर राख हो जाता है। शहर में यदि जाम में गाड़ी फंस जाए तो पीड़ितों को दमकल टीम के आने का लंबा इंतजार करना पड़ जाता है।



बहादुरगढ़। दमकल केंद्र में खड़ी अग्निशमन विभाग की गाड़ियां।

### सात हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां

बहादुरगढ़ की बात करें तो यहां कुल छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों की संख्या 7 हजार से अधिक है। इनमें तीन लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है। सबसे ज्यादा फुटवियर उत्पादों की इकाइयां खुली हैं। एमएसएमई की इकाइयों की संख्या चार हजार के पार हैं। बहादुरगढ़ फुटवियर उद्योग का बड़ा हब है। अन्य उद्योग भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इनमें प्लास्टिक उत्पाद, स्टील की औद्योगिक इकाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा इंजीनियरिंग, प्लास्टिक पैकेजिंग, फुटवियर, प्लास्टिक फुटवियर, पेपर, मशीनरी, बिस्कुट व मेडिकल उत्पादों का बड़े पैमाने पर काम होता है। हर माह इन फैक्ट्रियों में कहीं न कहीं आग लगने की घटना होती रहती है। रविवार को ही छोटूराम नगर क्षेत्र में अवैध रूप से रखे पीवीसी स्टॉक में भीषण आग लगने से एक प्रवासी श्रमिक की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। वहीं, दूसरी ओर बहादुरगढ़ में बन रही गगनचुंबी हाईराइज बिल्डिंगों में संभावित अग्निकांड पर काबू पाने के लिए भी आधुनिक उपकरणों, मशीनों व गाड़ियों की सख्त जरूरत है।

### एमरजेंसी में रोडवेज से आठ चालक मिले



दमकल दस्ता आगजनी की घटनाओं पर रोकने के लिए पूरी तन्मयता से काम करता है। हालांकि स्वीकृत पदों पर भी कर्मचारियों की कमी है। इसके लिए निरंतर उच्च अधिकारियों से मांग की जा रही है। हड़ताल के मद्देनजर की गई डिमांड के बाद आज रोडवेज से 8 चालक मिले हैं। इसके अलावा हाईड्रोलिक प्लेटफार्म की तकनीकी स्पेसिफिकेशन बन चुकी है।

\- दीपांशु महलावत, अग्निशमन अधिकारी

## ब्रेजा में सवार होकर आए शातिर टैंपो चुरा ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब शहर में झज्जर रोड स्थित एक दुकान के बाहर से टैंपो चोरी हो गया। ब्रेजा कार में सवार होकर आए तीन शातिरों ने वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी में वारदात कैद हुई है। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एचएल सिटी निवासी जयप्रकाश गुप्ता का कहना है कि झज्जर रोड पर स्वास्तिक अस्पताल के पास उनकी सीमेंट की दुकान है। दुकान के कामकाज के संबंध में एक टैंपो भी ले रखा है, जो आमतौर पर दुकान के पीछे गली में खड़ा किया जाता है। रविवार शाम को रास्ता न होने के कारण टैंपो सड़क पर ही खड़ा कर दिया गया। रात को कोई उसे चुरा ले गया। सुबह आए तो टैंपो नहीं मिला। इसके बाद जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में सुबह करीब चार बजे एक काले रंग की ब्रेजा कार टैंपो के पास रुकती नजर आई। कुछ देर गाड़ी खड़ी रही। फिर मौका पाकर दो युवक बाहर निकले और शीशा तोड़कर टैंपो में घुस गए। इसके बाद टैंपो को पहले शहर की तरफ ले गए, बाद में मोड़कर झज्जर की ओर भगा ले गए। उसके पीछे-पीछे ब्रेजा गाड़ी भी चल दी। सूचना पाकर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। उधर, विवेकानंद नगर में एक दुकान के बाहर से सतीश कुमार की बाइक चोरी हो गई।

## ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से 2 वर्षीय मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव बराही में सोमवार देर शाम हादसा हो गया। यहां ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बिहार मूल का नंदू यहां बराही स्थित एक भट्ठे पर परिवार सहित रहता है। सोमवार की देर शाम को वह काम में जुटा था। उसका दो वर्षीय बेटा देवा वहीं खेल रहा था। इसी दौरान वहां से एक ट्रैक्टर गुजरा तो देवा चपेट में आ गया। गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा देख मौके पर चीख पुकार मच गई। अस्पताल में ले गए तो बच्चे के मौत की पुष्टि कर दी गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। आरोपी ट्रैक्टर चालक का नाम सुलतान बताया जा रहा है। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी। मंगलवार दोपहर तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था।

### आधार कार्ड दिखाकर ही मिल जाएगा पांच किलो का छोटू सिलेंडर

**झज्जर।** आम नागरिकों को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक गैस सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता को मजबूत किया है, जिससे अब आमजन बिना जटिल प्रक्रिया के तुरंत गैस कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी आदित्य कौशिक ने बताया कि जिले की 26 अधिकृत गैस एजेंसियों पर ये सिलेंडर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। अब केवल आधार कार्ड और एक सक्रिय मोबाइल नंबर के माध्यम से कुछ ही मिनटों में गैस कनेक्शन प्राप्त किया जा सकता है। यह सुविधा विशेष रूप से किरायेदारों, अस्थायी निवासियों और प्रवासी श्रमिकों के लिए लाभकारी है।

**शिलान्यास के दौरान मारपीट का मामला**

## विवाद सुलझाने के लिए 11 सदस्यीय कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बीते दिनों शहर के सेक्टर नौ में भगवान परशुराम भवन शिलान्यास कार्यक्रम में हुए विवाद मामले को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक कश्यप गार्डन में हुई। इसमें समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया और मामले को लेकर गहन मंथन किया। ब्राह्मण महासभा के प्रधान राज देवरखाना की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों ने अपनी बात रखते हुए शिलान्यास पट्टिका पर विधायक कुलदीप वत्स का नाम न होने पर रोष जताया और इसे एक साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने उस घटनाक्रम की निंदा की और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो, इस पर भी चर्चा की। इस दौरान सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पास किए गए, जिसमें विवाद सुलझाने के लिए जल्द ही 11 सदस्यीय कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। यह कमेटी दोनों पक्षों से संवाद कर समाज में एकजुटता और शांति कायम करने का प्रयास करेगी। बता दें कि शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता संत सुरेहती व उनके बेटे के साथ मारपीट हुई थी। इस मामले में बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स पर केस दर्ज हुआ था।

**शिलान्यास पट्टिका पर विधायक कुलदीप वत्स का नाम न होने पर रोष जताते हुए इसे साजिश बताया**

## इसरो यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में तेजस का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी स्कूल साल्हावास के होनहार छात्र तेजस धनखड़ निवासी गांव ढाकला ने इसरो द्वारा आयोजित युविका परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनित होकर विद्यालय, क्षेत्र तथा पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के ओलंपियाड विशेषज्ञ आशीष यादव ने बताया कि इसरो प्रतिवर्ष यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम के माध्यम से देशभर के मेधावी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस वर्ष पूरे हरियाणा राज्य से केवल 14 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें तेजस धनखड़ का चयन विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। अब यह होनहार छात्र 11 मई से 22 मई तक इसरो के जोधपुर स्थित रीजनल रिमोट सेंसिंग सेंटर में दो सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। जहां उसे देश के प्रख्यात वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन मिलेगा। विद्यालय निदेशक रमेश गुलिया, विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया एवं प्राचार्या प्रीति राठी ने तेजस धनखड़ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टाफ सदस्यों के साथ।

**झज्जर के कई गांवों में चुने जाने हैं पंच व सरपंच**

# पंचायतों में उप चुनाव के लिए 10 मई को होगा मतदान

**15 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी, नामांकन 21 से 25 अप्रैल तक होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुरूप चिन्हित ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य के लिए उप चुनाव दस मई को होंगे। जिसके लिए शेड्यूल जारी किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने दी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक 15 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। नामांकन पत्र 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष दाखिल किए जाएंगे।

वहीं 27 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। उसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा तथा उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए खण्डवार ओवरऑल इंचार्ज एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### जिले में इन जगहों पर होंगे उप चुनाव



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि खण्ड बहादुरगढ़ में पंचायत समिति सदस्य वार्ड 14 के लिए, गांव मांडोठी में वार्ड 3 ,9, 11, 18 व 19 में पंच पद के लिए, गांव लोहारहेड़ी में पंच के वार्ड 3, गांव मेंहदीपुर वार्ड छह में पंच तथा डाबोदा खुर्द वार्ड नंबर 1 में पंच के लिए चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि खण्ड बादली के अंतर्गत ग्राम बाढसा में सरपंच और इसी गांव के वार्ड 3 में पंच तथा मुंडाखेड़ा में वार्ड संख्या 5 में पंच पद के लिए चुनाव होंगे। खण्ड मातनहेल के अंतर्गत आने वाले गांव अकेहड़ी मदनपुर में पंच पद के लिए वार्ड 1 व 16 में चुनाव में होगा। ग्राम गोरिया में पंच के वार्ड 13 में चुनाव होगा, इसी प्रकार बेरी खंड के गांव मदाना कलां में पंच पद के लिए वार्ड 9 तथा ग्राम धांधलान में सरपंच पद के लिए चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि खंड झज्जर के गांव डावला वार्ड 7 में पंच पद और गांव रणखण्डा में पंच पद के लिए वार्ड 2 का चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि खण्ड साल्हावास के अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य के लिए वार्ड संख्या 1 में चुनाव होगा,जबकि गांव अंबोली वार्ड पांच में पंच पद के लिए चुनाव होगा। इसी प्रकार गांव ढाणी साल्हावास वार्ड संख्या 1 में पंच पद के लिए तथा गांव बिरड़ में वार्ड चार में पंच पद तथा गांव सुबाना में वार्ड 3 में पंच पद पर चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर ही मतगणना करवाई जाएगी तथा परिणाम घोषित होने के तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी।

**12 अप्रैल की सुबह छोटूराम नगर में हुई थी खूनी वारदात**

## कमरे के सामने से उठने को कहा तो मारे थे चाकू, दो दिन बाद घायल ने दम तोड़ा

- आरोपी सुमित ने छाती व कमर के पास चाकू से वार किए, पुलिस कर रही गिरफ्तारी का प्रयास
- बिहार के बक्सर का रहने वाला था मृतक जितेंद्र, वेल्डिंग का करता था काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छोटूराम नगर में चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने मंगलवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय जितेंद्र के रूप में हुई है। जितेंद्र बिहार के बक्सर जिले से था और यहां छोटूराम नगर में रहता था। पेशे से वेल्डर था। रविवार की सुबह उसके साथ वारदात हुई थी। मरने से पहले दर्ज जितेंद्र के बयान के मुताबिक, रविवार 12 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे वह मार्केट से सब्जी लेकर अपने कमरे पर आया था। तब कमरे के सामने छोटूराम नगर का सुमित बैठा था। उसने सुमित को वहां से जाने के लिए कहा था। इस बात पर दोनों में कहासुनी हुई और नौबत खून खराबे तक आ गई।

आरोप था कि सुमित ने छाती व कमर के पास चाकू से वार किए। इस हमले में उसे काफी चोट आई और नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से पीजीआई रेफर किया गया। लेकिन परिजनों ने उसको बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। तब से वह उपचाराधीन था। अब मंगलवार की दोपहर उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और शव कब्जे में लिया। इसके बाद परिजनों के बयान दर्ज किए। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

## लाइफ Style

# हुमा

## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।



## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो


**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।



# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।



## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल

# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में** एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :** हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप


झज्जर। महिलाओं को जागरूक करते हुए विभागीय टीम।

### नारी शक्ति वंदन कानून के लिए प्रचार अभियान शुरू

**झज्जर।** महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान मंगलवार से आरंभ हो गया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडलियां गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को पारंपरिक लोक शैली में इस अधिनियम और महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति जागरूक कर रही हैं। अभियान के पहले सत्यवान एवं पार्टी ने गांव बाबेपुर, गिरधरपुर, अशोक एवं पार्टी ने खैरपुर व लडरावण, सतबीर एवं पार्टी ने मारोत एवं तामसपुरा, रामवीर एवं पार्टी ने लोहट व ढाणी में प्रचार अभियान चलाया।



### जवान की मौत का कारण बताया हार्ट अटैक

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव छपार में सोमवार को खेत में जाते समय संदिग्ध परिस्थितियों में हुई पुलिस कर्मी की मौत मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले के जांच अधिकारी भरपूर सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार नरेंद्र की मौत हृदय गति रुकने के कारण हुई है। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि मृतक की पहचान गांव छप्पार निवासी करीब 33 वर्षीय नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। नरेंद्र हरियाणा पुलिस में कार्यरत था और वर्तमान में गुरुग्राम में ड्यूटी कर रहा था। वह इन दिनों छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था।

# 578 किसानों के कटे गेट पास, 37035 क्विंटल गेहूं की हुई आवक

### हैफेड गोदाम के बाहर दिनभर लंबी कतारें लगी रहीं, वाहन चालकों को हुई परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

स्थानीय अनाज मंडी में गेहूं की आवक जोरों पर है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी फसल को लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। जिसके कारण जहां पूरा मंडी परिसर गेहूं से अटा पड़ा है, वहीं उठान कार्य धीमी गति से होने के कारण किसानों व आढ़तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। विभागीय जानकारी के अनुसार मंगलवार को 578 किसानों के गेट पास काटे गए, जबकि 37035 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि अब तक 8873 किसानों के गेट पास काटे गए है और 533351 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है जबकि 82 हजार क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है। उधर, हैफेड गोदाम के बाहर दिनभर लंबी कतारें लगी रही। जिसके कारण वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि खरीद केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो पाए,इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने खरीद एजेंसियों को जल्द से जल्द उठान कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- अनाज मंदी में अब तक 8873 किसानों के गेट पास काटे गए है और 533351 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई
- 82 हजार क्विंटल गेहूं का उठान हो हो पाया है अब तक
- खरीद एजेंसियों को जल्द से जल्द उठान कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं
- डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अफसरों को निर्देशित करते हुए किसनों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने की हिदायत दी
- मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है लेकिन उठान प्रक्रिया धीमी होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का करना पड़ रहा है सामना

**उठान कार्य धीमा होने से किसानों व आढ़तियों को हो रही भारी परेशानी**


झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

## श्रमिकों से किसी के बहकावे में आकर प्रदर्शन न करने का आह्वान

# नोएडा, फरीदाबाद व मानेसर में हुए प्रदर्शनों पर जताई चिंता

### कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने श्रमिकों के हिंसक होने को बताया गहरी साजिश

*न्यूनतम वेतन वृद्धि की अधिसूचना जारी होने से लगभग एक सप्ताह पूर्व ही ऐसे विरोध-प्रदर्शन शुरू होना किसी सुनियोजित साजिश की ओर संकेत करते हैं : प्रवीण गर्ग*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने नोएडा, फरीदाबाद व मानेसर में साजिशकर्ताओं के बहकावे में आकर कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे विरोध-प्रदर्शनों की कड़ी निंदा की है। साथ ही स्थानीय कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, दीपक शर्मा व सत्यवीर हुड्डा आदि ने कहा कि ऐसे हिंसक विरोध-प्रदर्शन अत्यंत निंदनीय हैं। उद्योग और कर्मचारी के बीच आपसी भाईचारे और तालमेल से ही उद्योग सुचारू रूप से चलते हैं। उद्योग पिछले कई वर्षों से लगातार चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।


बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते कोबी पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**विरोध-प्रदर्शन की साजिश की हो जांच**

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने बैठक में कहा कि न्यूनतम वेतन वृद्धि की अधिसूचना जारी होने से लगभग एक सप्ताह पूर्व ही ऐसे विरोध-प्रदर्शन शुरू होना किसी सुनियोजित साजिश की ओर संकेत करते हैं। सरकार इस पूरे मामले की जांच कराए और दोषियों को दंड दिलवाए। उद्यमियों ने कहा कि न्यूनतम वेतन वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषय पर उद्योगों एवं कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुनर्विचार किया जाए तथा इसे चरणबद्ध एवं व्यावहारिक तरीके से लागू किया जाए। साथ ही कर्मचारियों से भी किसी के बहकावे में नहीं आने की अपील दोहराई।

# नगर परिषद चेयरपर्सन ने सेक्टर-28 में ओपन जिम का किया उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने सेक्टर-28 स्थित फोर्टेशिया सोसाइटी में ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान सोसाइटी के निवासियों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और इसके लिए नप का आभार व्यक्त किया।

सोसाइटी की नवनिर्वाचित रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए नगर परिषद से ओपन जिम की मांग की थी। इस मांग को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने सोसाइटी परिसर में ओपन जिम लगवाया है। मंगलवार को इसका शुभारंभ चेयरपर्सन सरोज राठी ने किया। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। इस मौके पर वार्ड पार्षद रजनीश, पार्षद राजेश तंवर, एसोसिएशन प्रधान जयवीर सिंह, नरेश मास्टर, रामकरण, सचिन, दीपक, सुंदर, संजय मास्टर, प्रवीण नूनवाल, करण, अशोक, अमित, वीरेंद्र, जयप्रकाश व अजय बराक आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। ओपन जिम का उद्घाटन करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

# शिविर में 270 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** आंबेडकर जयंती पर भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा ने मंगलवार को लाइनपार के शिवम हाई स्कूल में आरआर शिवम अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें मूलचंद जोशी, सतीश शर्मा, मुकेश बंसल, रमेश गुप्ता, विजय पुन्हानी और प्राचार्य अनिल शर्मा ने बाबा साहेब को नमन किया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरेंद्र डागर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पण गुप्ता और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतिन गुप्ता ने 270 लोगों की सेहत जांची और उचित परामर्श दिया। कैंप के आयोजन में रितु, राहुल, रोहित, मंजू, मीनाक्षी व सुनील रानी आदि का सहयोग रहा।


बहादुरगढ़। कैंप में लोगों की जांच कर परामर्श देते चिकित्सक।

# पुलिस ने कस्बा बेरी में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

मंगलवार को पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध और डायल 112 के प्रति जागरूक किया। मुख्य सिपाही सपना ने कस्बा बेरी में वार्ड नंबर 12 में आमजन को बताया कि आज साइबर अपराध बढ़ रहा है। इस बारे में जागरूक रहें, किसी के बहकावे में आकर किसी अनजान व्यक्ति को ओटीपी न बताएं और न ही उनके द्वारा भेजे गए किसी लिंक को ओपन करें। वहीं नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही हम जिले को नशा और अपराध मुक्त बना सकते हैं। नशे के अवैध व्यापार के बारे में पता चले तो आप तुरंत पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त आमजन डायल 112 कंट्रोल रूम पर भी नशे के संबंध में सूचना साझा कर सकते हैं। नशा बेचने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।


झज्जर। आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

### ज्ञान भारतम् मिशन के तहत जिलास्तरीय समिति का गठन



**झज्जर।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि गठित समिति के माध्यम से जिले में पांडुलिपियों की पहचान, संरक्षण एवं अभिलेखीकरण का कार्य व्यवस्थित रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति में एडीसी को जिला नोडल अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला नगर आयुक्त, मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदि विभागों को गठन किया है।

# दो सप्ताह से दौड़ रही पुलिस, हाथ नहीं लगा शिशु तस्कर गिरोह का सरगना

- आरोपियों ने 60 से ज्यादा बच्चे देश के कोने-कोने में बेचे, दो किए जा चुके रिकवर
- 31 मार्च की रात को बहादुरगढ़ पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को किया था गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

अंतरराज्यीय शिशु तस्कर गिरोह के मामले में पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। गहन जांच में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए अब तक 11 आरोपी भी गिरफ्तार किए हैं लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरगना लाडी हाथ नहीं आ सका है। हालांकि उस तक पहुंचने के लिए पुलिस की दबिश लगातार जारी है। दरअसल, पंजाब से देश के कई राज्यों तक फैले इस गिरोह की कारगुजारियां गत 31 मार्च की रात को बहादुरगढ़ पुलिस की कार्रवाई से सामने आई थी। पुलिस ने यहां सेक्टर 9 बाईपास से गिरोह के तीन सदस्य पकड़े। ये नवजात को लेकर दिल्ली जा रहे थे। उस समय इस गिरोह के अन्य सदस्य फरार हो गए थे। इसके बाद टीम ने पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, एमपी सहित कई जगहों पर दबिश दी और एक के बाद एक कई परतें खोली। मामले में अब तक 60 से अधिक बच्चों की खरीद बेच की बात सामने आई है। देश के विभिन्न हिस्सों में ये बच्चे बेचे गए हैं, जिनमें से दो रिकवर हो चुके हैं।

**बच्चा बेचने वाला दंपति भी पकड़ा जा चुका**

कुल मिलाकर इस मामले में 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इन 11 आरोपियों में बच्चा बेचने वाला दंपति भी शामिल रहा। मामले में कई और आरोपी शामिल हैं तथा गिरोह का सरगना लाडी भी अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लग सका है। हालांकि लाडी का प्रमुख साथी जसप्रीत पुलिस के रिमांड पर है। जसप्रीत से पुलिस लाडी, गिरोह व बच्चों के बारे में अहम सुराग जुटा रही है। उसकी निशानदेही पर ताबड़तोड़ दबिश चल रही हैं। बुधवार को उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

### बालाजी मंदिर में हवन व भंडारा आज

**बहादुरगढ़।** श्री गोपाल दास महाराज जी की 12वीं पुण्य तिथि पर बुधवार 15 अप्रैल को शहर नजफगढ़ रोड स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 7 बजे हवन के उपरांत साढ़े 10 बजे से भंडारा शुरू होगा।

### कस्बे के डंपिंग एरिया में लगी आग

**सांपला।** कस्बे में स्थित डंपिंग एरिया में मंगलवार को आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां एक घंटे से भी अधिक की देरी से मौके पर पहुंचीं। रोहतक से आई फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# आर्य हरिओम दोबारा बने वेद प्रचार मंडल के अध्यक्ष


बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते आर्य समाज के प्रतिनिधि।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

केंद्रीय आर्य सभा बहादुरगढ़ की एक सभा आर्य समाज झज्जर रोड में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद द्वारा की गई। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के नवगठन के बाद पहली बार हुई इस मीटिंग में सर्वसम्मति से पुनः आर्य हरिओउ्म दलाल को जिला झज्जर वेद प्रचार मंडल का अध्यक्ष चुना गया। मीटिंग में केंद्रीय सभा बहादुरगढ़ की ओर से आर्य ब्रह्मजीत, मास्टर रामचंद्र रूहिल, हरस्वरुप रुहिल, अतर सिंह दलाल, सतबीर राठी व संतलाल मलिक आदि अनेक आर्य समाजियों ने भाग लिया।

- अध्यक्षता वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद द्वारा की गई, सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया

## प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को दिए टैबलेट

# ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या ने किया सम्मानित


बहादुरगढ़। छात्रों को सम्मानित करते प्रिंसिपल व शिक्षक।

- अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी स्पोर्ट्स वॉच, आर्टसेट, लंच बॉक्स, प्रमाण पत्र तथा गोल्ड मेडल प्रदान किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में ओलंपियाड के परिणाम की घोषणा की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित किए गए। प्रिंसिपल ललिता ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को टैबलेट, द्वितीय स्थान पर रहने वालों को स्मार्ट वॉच तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को स्कूल बैग भेंट किए गए। अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी स्पोर्ट्स वॉच, आर्टसेट, लंच बॉक्स, प्रमाण पत्र तथा गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।

### पोल वाल्ट खेल प्रतियोगिता में छात्र हितेश जाखड़ ने जीता कांस्य पदक

**झज्जर।** हाल ही में कर्ण स्टेडियम करनाल में आयोजित 15वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलीट चैंपियनशिप की पोल वाल्ट खेल प्रतियोगिता में बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के छात्र हितेश जाखड़ ने कांस्य पदक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक जितेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि इससे पहले जिले स्तर की पोल वाल्ट खेल प्रतियोगिता में छात्र हितेश जाखड़ ने पहला स्थान प्राप्त किया था।



# नेहरू पार्क में सुंदरकांड पाठ में उमड़े भक्त


बहादुरगढ़। नेहरू पार्क में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

श्री हनुमान सेवा परिवार द्वारा नेहरू पार्क में 50वें सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य गोविंद स्वरूप शास्त्री ने दीप ज्योति प्रज्वलित की। इसमें अजय कुमार अवस्थी, संतोष, संजीव कुमार, राकेश भारद्वाज, कृष्ण वत्स, सत्यप्रकाश, रोहतास, अरुणा, आशा रानी, बाला रानी, सरिता, कल्पना शर्मा, गुड्डी देवी ने विशेष सहयोग किया। नितेश भारद्वाज ने कलश पूजन किया। विजयपाल भारद्वाज व मुकेश भारद्वाज ने भक्तों का स्वागत अभिनंदन किया।

- आचार्य गोविंद स्वरूप शास्त्री ने दीप ज्योति प्रज्ज्वलित की
- विजयपाल भारद्वाज व मुकेश भारद्वाज ने भक्तों का स्वागत अभिनंदन किया

## गंगा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में आंबेडकर जयंती पर उद्यमी सम्मान समारोह


# बाबा साहेब का जीवन हमें शिक्षा, समानता व आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देता है: डॉ. राज

**कहा - कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ें युवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वर्तमान समय में फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं और सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ युवा आसानी से उठा सकते हैं। यह बात मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू ने मंगलवार को गांव कबलाना स्थित गंगा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमी सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देता है। आज के समय में युवाओं को कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ने की आवश्यकता है ताकि वे स्वयं के साथ-साथ समाज और प्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। वहीं मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बडखालसा ने कहा कि डॉक्टर बी.आर. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और समाज सुधार की अद्भुत मिसाल है, जिससे आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. राज। फोटो: हरिभूमि

## एपीसीपीएल पावर प्लांट में धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती


झज्जर। माल्यार्पण के उपरांत उपस्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट के कर्मचारी।

**झज्जर।** गांव झाड़ली स्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉक्टर बी आर आंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। दिलीप कैबोर्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने डॉ. आंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला और भारत की प्रगति में उनकी भूमिका और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के बारे में बताया। बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके बाद निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## आंबेडकर सभा ने किया मानसी को सम्मानित

**बहादुरगढ़।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सभा द्वारा बाबा साहेब की 136वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंबेडकर सभा के अध्यक्ष उमेद सिंह व स्कूल प्रधानाचार्य रामानंद रंगा समेत सभी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। यूपीएससी में उत्तीर्ण होने वाली मानसी को भी सम्मानित किया गया। सबसे पहले बाबा साहेब व महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और नमन किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्कूल के बच्चों ने बाबा साहेब एवं देशभक्ति पर बहुत सुंदर प्रस्तुतियां पेश की। जसबीर सिंह ने मंच संचालन किया। पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, कार्तिक सतीश नंबरदार, अनिल सिंगल, जय सिंह सैनी आदि ने बाबा साहेब को नमन किया। सार्थक सेवा समिति अध्यक्ष नफे सिंह सार्थक ने बाबा भीमराव के जीवन के कई प्रसंग सुनाते हुए उनकी जीवनशैली पर स्वरचित गाना गाया। सभा द्वारा सबके लिए भंडारे का आयोजन किया गया।


बहादुरगढ़। बाबा साहेब को नमन करते सभा के सदस्य व अन्य।


बहादुरगढ़। बाबा साहेब को याद करते जसबीर सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## आंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर छोटूराम नगर, सांखोल, नया गांव, लाइनपार समेत कई कार्यक्रमों में पहुंचकर बाबा साहेब को नमन किया। उनके अनुसार नायब सरकार व मोदी सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रही है।


बहादुरगढ़। आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते शशि कुमार व अन्य।

## पूर्व पार्षद शशि कुमार ने किया नमन

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद शशि कुमार के कार्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। शशि कुमार के साथ दलबीर सिंह, रमेश किरार, अशोक कुमार, चंद्रकांत बोंदवाल, मास्टर सुखबीर सिंह सरोहा, प्रदीप सिन्हा, अजय कुमार, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, बोबी व मंजीत आदि ने आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नमन किया। साथ ही बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## सफाईकर्मियों ने आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

**बहादुरगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ की बहादुरगढ़ इकाई में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधान राजेश बालगुहेर की अध्यक्षता में अमित, राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड, लीला राम, अजय, मुकेश दरोगा, होशियार सिंह, वेदपाल, सुनील, संदीप, सोनू, इंद्रमल, जयभगवान, उषा, सुरेंद्र, नंदराम दरोगा, कुलदीप दरोगा, मोनू, अनिल, विजय, संदीप, सागर, प्रदीप गोरा आदि ने बाबा साहेब को नमन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## विचार गोष्ठी और पदयात्रा के जरिये डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को अपनाने का किया आह्वान

**आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा में मनाई बाबा साहेब की जयंती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा में मंगलवार को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जीतपाल की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी तथा पदयात्रा आयोजित की गई।

वर्ग अनुदेशक रमेश कुमार, पवन कुमार सहित प्रशिक्षणार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने विचार गोष्ठी में संविधान निर्माता बाबा साहेब के जीवन पर और संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।

इस मौके पर संस्थान के वर्ग अनुदेशक भारत भूषण, हवा सिंह, नीरज सहगल, सतेंद्र, अशोक, जोगेंद्र, राकेश, श्रीकांत सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## डॉ. आंबेडकर जयंती पर परनाला में लगा भंडारा

**बहादुरगढ़।** परनाला गांव स्थित आंबेडकर भवन में मानव जागृति एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आंबेडकर जयंती पर 10वें भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें विहिप जिलाध्यक्ष राकेश भारद्वाज, सत्येंद्र दहिया व संजीव कुमार ने मुख्य रूप में शिरकत की। उन्होंने आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। मंच संचालन दिनेश कुमार ने किया।

इस मौके पर वेदपाल, योग सहायक सुनील देवी, जगबीर सिंह, विजेंद्र सिंह, संजीव कुमार, भारत नागपाल, मनमोहन सिंह, अजय कुमार, मुकेश कौशिक, ज्योति कौशिक, सत्यवान राठी, दलजीत राठी, मंगू नंबरदार, रमेश, अनिल, बलवान, कर्मवीर, सतबीर, संजय, हरिओम, राजेंद्र व बिजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## सांखोल में मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव सांखोल की रविदास चौपाल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में हरियाणवी कलाकार राजबाला ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों पर चलते हुए शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इसके साथ ही आंबेडकर भवन की ओर से गांव के निःशुल्क बुक बैंक के लिए 2100 की राशि दान स्वरूप प्रदान की गई।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफेसिंह राठी, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, नकुल कौशिक, देवबीर राठी, जयपाल सांगवान, अनूप दलाल, कश्मीर दलाल, सरपंच प्रतिनिधि राज मास्टर, सिद्धार्थ राठी, आशीष प्रधान, प्रेम तंवर, सुशील तंवर, नरेश रंगा, ब्रह्मदत्त तंवर, बलराज रंगा, रणधीर कोच, शादीलाल, शशि तंवर, कामरेड सतीश, जयभगवान तंवर, जगबीर तंवर, महिपाल रंगा, वीरेंद्र तंवर, नीरज तंवर, अमित, परमजीत, जयकवार चाहर, यशपाल राठी, अमित राठी, मीनू राठी, अनिल राठी, मंजीत ढिल्लो, संदीप रंगा, जगबीर तंवर व संजय सांखोल सहित अन्य मौजूद रहे।*


बहादुरगढ़। बाबा साहेब को नमन करते सांखोल के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

## नशे और दिखावे से दूर रहकर किताबों को सबसे बड़ा दोस्त बनाएं : सैनी

# नप चेयरमैन ने किया बाबा साहेब को नमन, युवाओं को उनके बताए रास्ते पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती अवसर पर नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। नप चेयरमैन ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और संविधान निर्माता के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर किसी एक वर्ग के नेता नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने शोषित और वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हर भारतीय के लिए मिसाल है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा ही कल का भारत है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशे और दिखावे से दूर रहकर किताबों को अपना सबसे बड़ा दोस्त बनाएं। उन्होंने युवाओं को बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।


झज्जर। बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने उपरांत उपस्थित नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी एवं अन्य।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करती सरोज राठी व अन्य।

### चेयरपर्सन ने दी आंबेडकर को श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने अपने कार्यालय के साथ ही विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रमों में भाग लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। राठी ने कहा कि आंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मजबूत आधार दिया। उनका जीवन समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। इस मौके पर रमेश राठी व पार्षद राजेश तंवर भी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। बाबा साहेब को नमन करते वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन।

### जैन ने दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया। राष्ट्र के प्रति उनके महान योगदान को याद किया। जैन ने कहा कि बाबा साहेब के विचार समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में समरसता और समानता को अधिक मजबूत करने की जरूरत है।


बहादुरगढ़। आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते सतीश छिकारा व अन्य।

### छिकारा ने किया डॉ. भीमराव को याद

**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश छिकारा ने भी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों एवं समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए किए गए उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। हमें बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए।


बहादुरगढ़। बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते अरुण खत्री व अन्य।

### अरुण खत्री ने बाबा साहेब को दी पुष्पांजलि

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को कई कार्यक्रम हुए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेद सिंह खत्री व कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने बाबा साहेब को नमन किया। उन्होंने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित नमन करते हुए कहा कि हमें उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संदीप, बिट्टू डाबला, सोनू निनानिया, राहुल निनानिया, कुलविंदर, सन्नी, प्रेम, निखिल, भोलू, डॉ भूपेंद्र, दीपक, मन्नू, ऋषि दहिया व हरिओम आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते दिनेश कौशिक व अन्य।

### भाजपाइयों ने आंबेडकर को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, सुदेश रंगा, रामकंवार सैनी, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रमेश आर्य, मंजीत पांचाल, मनोज राठी व अरुण कुमार आदि ने आंबेडकर को नमन किया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने बामड़ोली के आंबेडकर भवन, लाइनपार, बादली रोड और सांखौल स्थित आंबेडकर भवन में हुए कार्यक्रमों में बाबा साहेब को नमन किया। सभी ने बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।


बहादुरगढ़। पुस्तक अधूरा सच का विमोचन करते संजय दलाल व अन्य।

### आंबेडकर जयंती को विश्व ज्ञान दिवस के रूप में मनाया

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को मांडोठी के माता सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय के तत्वाधान में सहरावत चौपाल में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव को विश्व ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि निलेश दलाल, जेजेपी के जिलाध्यक्ष संजय दलाल और नीना राठी ने शिरकत की। कवि अरविंद गौतम बेंदी की सातवीं पुस्तक अधूरा सच का भी अनावरण धर्मवीर ने किया। उन्होंने इस पुस्तक की कमाई का आधा हिस्सा पुस्तकालय में सहयोग स्वरूप देने का ऐलान किया। मौके पर ईश्वर सहरावत, चांद सहरावत, सुनील, हरिओम, नवीन, रवि, मोहित, मनीषा, कपिल व तुषार आदि ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी।